नई सोच...

Tital Code: RAJHIN27958

Website: www.bhatnerexpress.com

# भटनेर एक्सप्रैस

E-mail: bhatnerexpress@gmail.com

RNI NO : RAJHIN/2022/85753

सम्पादकः विपुल गोयल

वर्ष:4 अंक: 30 हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) साप्ताहिक मंगलवार 9 जून 2026 मो. 94612-10329 शुल्कः 2 रुपये पृष्ठः 4


## इंडिया गठबंधन की बैठक में सरकार पर हमला, नीट, मतदाता सूची और महंगाई पर बनी साझा सहमति

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन की सातवीं बैठक सोमवार को आयोजित की गई, जिसमें 25 राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लिया। करीब दो घंटे से अधिक चली इस बैठक में गठबंधन के प्रमुख नेताओं ने मौजूदा राजनीतिक और प्रशासनिक हालात पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले और वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल मौजूद रहे। शिवसेना (उद्धव गुट) के उद्धव ठाकरे और झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमंत सोरेन बैठक में वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस वार्ता में बताया कि गठबंधन ने पांच प्रमुख मुद्दों पर एकमत से सहमति बनाई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में देश के युवाओं के साथ धोखा




हुआ है। परीक्षा प्रणाली और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से जुड़ी गड़बड़ियों के लिए उन्होंने शिक्षा मंत्री को जिम्मेदार ठहराते हुए तत्काल इस्तीफे की मांग की।

### मतदाता सूची और चुनावी निष्पक्षता पर सवाल

खड़गे ने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान करोड़ों मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले और चुनावों की निष्पक्षता को लेकर भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा जाएगा। गठबंधन का मानना है कि मतदाता सूची में की गई गड़बड़ियां लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करती हैं।

### महंगाई और बेरोजगारी पर सर्वदलीय बैठक की मांग

इंडिया गठबंधन ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर गहरी चिंता जताई। खड़गे... शेष पेज 3 पर

## एनजीओ के खिलाफ सफाई कर्मचारियों का धरना, ठेका निरस्त करने की मांग

» 6000 रुपए मानदेय पर काम करने से किया इंकार, वेतन बढ़ाकर 12000 रुपए प्रतिमाह करने की उठाई आवाज

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** नगरपरिषद परिसर में सोमवार शाम एनजीओ के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया और ठेका व्यवस्था के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने नगर परिषद प्रशासन से वर्तमान ठेका निरस्त कर नए सिरे से सफाई कर्मचारियों को उचित वेतन पर नियुक्त करने की मांग की। धरने का नेतृत्व मजदूर नेता निखिल जेदिया एवं पवन मौर्य ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी नगर परिषद के समक्ष एकत्रित हुए और अपनी समस्याओं को प्रशासन के सामने रखा। कर्मचारियों का कहना था कि वे लंबे समय से बेहद कम मानदेय पर कार्य करने को मजबूर हैं,



जबकि उनसे पूरे शहर की सफाई का जिम्मा लिया जा रहा है। मजदूर नेताओं ने बताया कि वर्तमान में एनजीओ के माध्यम से लगे सफाई कर्मचारियों को मात्र 6000 प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। इतनी कम राशि में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और प्रतिकूल परिस्थितियों में कर्मचारी प्रतिदिन शहर को स्वच्छ रखने के लिए मेहनत करते हैं, लेकिन उन्हें उनके श्रम के अनुरूप पारिश्रमिक नहीं मिल रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया... शेष पेज 3 पर

## मानव सुथार ने भारत-अफगानिस्तान टेस्ट में किया शानदार डेब्यू, 7 विकेट लेकर लिखी नई इबारत

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर के उदयीमान स्पिनर मानव सुथार ने भारतीय टेस्ट टीम में अपना शानदार डेब्यू करते हुए पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। भारत और अफगानिस्तान के बीच खेल गए पांच दिवसीय टेस्ट मैच में मानव ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभागों में ऑलराउंडर प्रदर्शन कर अपनी काबिलियत साबित की। श्रीगंगानगर का यह सितारा भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाने वाला जिले का पहला क्रिकेटर है।मैच के दौरान मानव सुथार की फिरकी गेंदबाजी का जादू पूरे मैच में छाया रहा। अफगानिस्तान की पहली पारी में उन्होंने मात्र 22 ओवरों में 33 रन देकर 6 विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने 10 ओवर मेडन भी फेंके और इकोनॉमी रेट मात्र 1.5 रखा। उनकी घूमती-टर्न करती गेंदों के सामने अफगानी बल्लेबाज बेबस नजर आए। पहली पारी में 41 गेंदों पर 28 रन बनाने के साथ उन्होंने बल्लेबाजी में भी अपनी उपयोगिता साबित की। अफगानिस्तान को फॉलोऑन दिया गया, जिसमें दूसरी पारी में भी मानव ने एक विकेट हासिल किया। इस तरह उन्होंने मैच में कुल 7 विकेट ले लिए। गौरतलब है कि डेब्यू टेस्ट में ही उन्होंने पहले ओवर में पहला विकेट लिया और पहली पारी में 6



विकेट चटकाकर कमाल कर दिखाया। मानव सुथार देश के उन चुनिंदा गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट में पहले ही और में विकेट हासिल किया है?।उनकी गेंदबाजी की सटीकता और धैर्य की तारीफ पूरे क्रिकेट जगत में हो रही है।मैच के बाद मानव सुथार ने अपने प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा-स्पैल के दौरान मेरा ध्यान सही जगहों पर गेंदबाजी करने और अपनी ताकत पर भरोसा करने पर था। विकेट से मदद मिल रही थी, इसलिए मेरी कोशिश सही जगहों पर गेंदबाजी करने और जितनी हो सके उतनी लगातार सही लेंथ पर गेंद डालने की थी। विकेट से कुछ मदद... शेष पेज 3 पर

## ममता बनर्जी के 28 में से 20 लोकसभा सांसद टूटे, एनडीए का समर्थन करेंगे

**कोलकाता।** विधायकों के बाद अब तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने भी ममता का साथ छोड़ दिया है। जानकारी के मुताबिक, लोकसभा के 28 सांसदों में से 20 ने एनडीए सरकार को समर्थन देने का फैसला किया है। सांसद और टीएमसी की पूर्व नेता काकोली घोष दस्तीदार ने भी सोमवार को यही दावा किया। उन्होंने बताया कि 20 सांसदों ने एनडीए को समर्थन देने की जानकारी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को दे दी है। पत्र में टीएमसी के बागी सांसदों से अलग बैठने की भी बात कही गई है। टीएमसी सांसद शताब्दी रॉय के घर बागी सांसदों की बैठक हुई। इसमें जून मालिया, बापी हलदर, अबू ताहिर खान और असित कुमार मल समेत कई सांसद मौजूद रहे। बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी भी उनके घर सांसदों से मिलने पहुंचे थे। इससे पहले इनमें से 11 सांसदों ने सोमवार दोपहर केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के बंगाल प्रभारी भूपेंद्र यादव के घर पर मीटिंग की।

## कॉकरोच जनता पार्टी देशभर में करेगी प्रदर्शनः अभिजीत

» दीपके बोले खुद अलग-अलग राज्यों और शहरों में जाऊंगा

**भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो. नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने देशभर में प्रदर्शन का ऐलान किया है। उन्होंने रविवार रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक वीडियो मैसेज जारी कर कहा- अगर 13 जून तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं तो मैं खुद अलग-अलग राज्यों और शहरों में प्रदर्शन के लिए जाऊंगा। उन्होंने कहा कि अगर इसके बाद भी शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया तो देशभर के छात्र फिर से दिल्ली जाएंगे और शांतिपूर्ण आंदोलन करेंगे। सीजेपी ने 6 जून को जंतर-मंतर पर भी प्रदर्शन किया था और परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की थी। अभिजीत 6 जून को प्रदर्शन के लिए अमेरिका से भारत आए हैं। वे रविवार सुबह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित अपने घर पहुंचे। उन्होंने शाम को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा- पिछले 10-12 साल में देश की राजनीति हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर केंद्रित रही है। इससे रोजगार नहीं मिलेगा।

## सरकार ने एलपीजी गैस सब्सिडी के नियम बदले

### अब उज्वला योजना में सिर्फ 4 सिलेंडरों पर मिलेगी सब्सिडी

**नई दिल्ली।** देशभर में करोड़ों परिवारों को रसोई गैस की सुविधा देने वाली प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से जुड़े लोगों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडरों की संख्या घटा दी है। अब लाभार्थियों को साल में 9 की जगह केवल 4 सिलेंडरों पर ही अतिरिक्त सब्सिडी का लाभ मिलेगा। सरकार का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब पश्चिम एशिया में जारी तनाव और कच्चे तेल व गैस की बढ़ती कीमतों के कारण एलपीजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेज उछाल देखा जा रहा है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की कीमत इतनी बढ़ गई है कि एक घरेलू गैस सिलेंडर की वास्तविक लागत 1,600 रुपये से अधिक पहुंच चुकी है। इसके बावजूद आम उपभोक्ताओं को 14.2 किलोग्राम का घरेलू सिलेंडर सिर्फ 942 रुपये में मिल रहा है, यानी सरकार और सरकारी तेल कंपनियां अभी भी उपभोक्ताओं को भारी राहत दे रही हैं।

### सिर्फ 4 सिलेंडरों पर ही मिलेगी सब्सिडी

रिपोर्ट के मुताबिक, उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को पहले की तरह पहले 4 सिलेंडरों पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की अतिरिक्त सब्सिडी मिलेगी, जो सीधे उनके बैंक खाते में भेजी... शेष पेज 3 पर

## अब 29 जून को खुलेंगे स्कूल

गर्मी के कारण अवकाश बढ़ाने का निर्णय, 43 दिन की होंगी गर्मियों की छुट्टियां

**जयपुर।** प्रदेश में स्कूली स्टूडेंट्स, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर है। शिक्षा विभाग ने गर्मी की छुट्टियां 7 दिन बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया है। अब राज्य के सरकारी और निजी स्कूलों में 28 जून तक अवकाश रहेगा। स्कूल 29 जून से खुल जाएंगे। वहीं प्रिंसिपल फिर से स्कूलों में 2 दिन का अवकाश जारी कर सकेंगे। पहले इसे 1 दिन का कर दिया था। पहले शिक्षा विभाग ने 20 जून तक गर्मियों की छुट्टियां घोषित की थी। 21 जून को रविवार होने के कारण स्कूल 22 जून से खुलने थे, लेकिन लगातार पड़ रही गर्मी और शिक्षक संगठनों की मांग के बाद सरकार ने अवकाश अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। नए आदेश के अनुसार इस वर्ष स्कूलों में ग्रीष्मावकाश की कुल अवधि बढ़कर 43 दिन हो गई है। शिक्षा विभाग ने इसके लिए आधिकारिक आदेश जारी कर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। हाल ही में जयपुर में शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर गर्मी की छुट्टियां बढ़ाने की मांग रखी थी। उस दौरान शिक्षा मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया था। इसके बाद शिक्षा विभाग स्तर पर प्रस्ताव तैयार किया गया और शासन सचिव की स्वीकृति के बाद आदेश जारी कर दिया गया। आदेश में संस्था प्रधानों के लिए अधिकृत अवकाश को लेकर भी संशोधन किया गया है। पूर्व व्यवस्था में एक दिन का अधिकृत अवकाश निर्धारित था, जिसे बढ़ाकर फिर से 2 दिन कर दिया गया है। राजस्थान में इस बार मई और जून के दौरान कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया था। गर्मी और लू के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सरकार ने अवकाश बढ़ाने का फैसला लिया है।

## इंडियन ऑयल के पेट्रोल पम्पों पर मिलेंगे 5 किलो गैस वाले सिलेंडर

**हनुमानगढ़।** इंडियन ऑयल के स्थानीय पेट्रोल पम्पों पर अब इंडेन गैस के 5 किलो गैस वाले छोटू सिलेंडर भी जनसाधारण के लिए उपलब्ध होंगे। इन सिलेंडर्स की बिक्री के लिए आईओसीएल कंपनी ने नियमों में शिथिलता देते हुय अपने अधिकृत खुदरा बिक्री केंद्रों को छोटू गैस सिलेंडर की बिक्री के लिए अधिकृत कर दिया है। ये सिलेंडर खरीददार को कमर्शियल दरों पर बिक्री किए जाएंगे। इसके लिए किसी विशेष दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी केवल उसे अपनी पहचान सुनिश्चित करवाने वाला कोई भी दस्तावेज देना होगा। ये सिलेंडर रेहड़ी पर स्टाल लगाने वाले, चाय पकोड़े या चलती फिरती दुकान वाले लोगों के साथ साथ अस्थायी प्रवासियों और छात्र वर्ग के लिए विशेष रूप से काम में लिए जाते हैं। कोई ग्राहक चाहे तो पूर्व में काम में लिए जा रहे अपने ऐसे ही गैस सिलेंडर की रिफलिंग भी करवा सकेगा। इससे एक ओर जहां काला बाजारी पर रोक लगेगी वहीं आम जन को सुविधा भी होगी।

# सम्पादकीय

## लोकतंत्र का व्यंग्य या लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर संकट?

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह केवल मतदान की व्यवस्था नहीं, बल्कि संवाद, सहमति, असहमति, संवैधानिक मर्यादाओं और सामाजिक उत्तरदायित्वों का एक सशक्त तंत्र है। लोकतंत्र की शक्ति विरोध में निहित है, लेकिन उसकी गरिमा विरोध की शैली, उद्देश्य और मर्यादा से निर्धारित होती है। हाल के दिनों में चर्चित हुई तथाकथित 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) इसी संदर्भ में गंभीर विमर्श की मांग करती है। यह आंदोलन प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के विरोध के नाम पर उभरा। प्रारम्भ में यह सोशल मीडिया पर व्यंग्यात्मक अभियान के रूप में सामने आया और बाद में दिल्ली के जंतर-मंतर तक पहुंच गया। इसके समर्थकों ने इसे युवाओं के आक्रोश की अभिव्यक्ति बताया, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या यह वास्तव में शिक्षा सुधार का आंदोलन है या लोकतांत्रिक असंतोष को व्यंग्य, उपहास और राजनीतिक ध्रुवीकरण की दिशा में मोड़ने वाला एक नया प्रयोग? भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार देता है। किंतु कोई भी अधिकार निरंकुश नहीं होता। लोकतंत्र में विरोध का उद्देश्य समाधान की खोज होना चाहिए, न कि अराजकता का विस्तार। यदि विरोध का स्वर केवल उपहास, आक्रोश और टकराव तक सीमित रह जाए, तो वह लोकतंत्र को मजबूत करने के बजाय कमजोर करने लगता है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' का नाम ही एक नकारात्मक और व्यंग्यात्मक मानसिकता का परिचायक है। किसी राजनीतिक दल की नकल करते हुए स्वयं को 'कॉकरोच' के प्रतीक से जोड़ना लोकतांत्रिक विमर्श को गंभीरता से अधिक तमाशे में बदलने का प्रयास प्रतीत होता है। लोकतंत्र में व्यंग्य का स्थान है, लेकिन व्यंग्य यदि विचार का स्थान ले ले, तो वह जनमत को भ्रमित भी कर सकता है। किसी भी आंदोलन का मूल्यांकन उसकी मांगों और कार्यप्रणाली से किया जाता है। सीजेपी की प्रमुख मांगें हैं-परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, पेपर लीक की रोकथाम, शिक्षा मंत्री का इस्तीफा तथा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना। इनमें से अधिकांश मांगें ऐसी हैं जिन पर देश का हर जिम्मेदार नागरिक सहमत हो सकता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इन मांगों को मनवाने का तरीका भी उतना ही जिम्मेदार है? क्या कॉकरोच के मुखौटे पहनना, राजनीतिक व्यंग्य को आंदोलन का आधार बनाना और सोशल मीडिया पर उत्तेजक अभियानों को बढ़ावा देना शिक्षा सुधार का व्यावहारिक मार्ग है? क्या इससे सरकार, विशेषज्ञों और समाज के बीच सार्थक संवाद स्थापित होगा? इतिहास बताता है कि स्थायी परिवर्तन नारेबाजी से नहीं, बल्कि वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक अनुशासन और रचनात्मक दबाव से आते हैं। भारत की युवा आबादी उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। लेकिन यही शक्ति यदि निराशा, बेरोजगारी और असंतोष से घिर जाए तो विभिन्न राजनीतिक शक्तियों के लिए उपयोग का साधन भी बन सकती है। आज देश का युवा प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार और भविष्य को लेकर चिंतित है। यह चिंता वास्तविक है। लेकिन हर वास्तविक चिंता के साथ एक खतरा भी जुड़ा होता है-उसका राजनीतिक दोहन। जब किसी आंदोलन के पीछे विभिन्न राजनीतिक समूहों, सत्ता-विरोधी संगठनों और वैचारिक एजेंडों की उपस्थिति दिखाई देने लगे, तब यह आशंका स्वाभाविक हो जाती है कि कहीं युवाओं की पीड़ा को राजनीतिक हथियार तो नहीं बनाया जा रहा। यदि छात्र आंदोलन शिक्षा सुधार की जगह सरकार-विरोधी अभियान में बदल जाए, तो सबसे बड़ा नुकसान स्वयं छात्रों का होता है। युवाओं को यह समझना होगा कि वे किसी राजनीतिक प्रयोगशाला के उपकरण नहीं हैं। उनकी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण के लिए है, किसी छिपे हुए राजनीतिक एजेंडे के लिए नहीं। सीजेपी के समर्थकों द्वारा कभी-कभी नेपाल, बांग्लादेश अथवा अन्य देशों में हुए युवा आंदोलनों का उल्लेख किया जाता है। ऐसी तुलना न केवल जल्दबाजी है बल्कि भ्रामक भी हो सकती है। भारत की लोकतांत्रिक संरचना, संस्थागत शक्ति, न्यायिक व्यवस्था, मीडिया की स्वतंत्रता और संवैधानिक ढांचा पड़ोसी देशों से भिन्न है। जिन परिस्थितियों में अन्य देशों में जनआंदोलन उभरे, वे परिस्थितियां भारत में मौजूद नहीं हैं। भारत में चुनावी परिवर्तन की सशक्त व्यवस्था है। यहां सरकारें जनमत से बनती और बदलती हैं। इसलिए भारत के युवाओं को विदेशी या पड़ोसी देशों के आंदोलनों की भावनात्मक तुलना के बजाय भारतीय लोकतंत्र की विशेषताओं को समझना चाहिए।

# मुक्तिवीरों की आपबीती ने झकझोरा, दिलाई नशा मुक्त जीवन की शपथ

» नशा मुक्ति के संकल्प के साथ गूंजा नेहरू कॉलेज, लक्ष्मण रेखा अभियान के तहत शिविर





**भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो**

**हनुमानगढ़।** टाउन स्थित राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को एएनटीएफ के लक्ष्मण रेखा अभियान के तहत नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। एडीजी एएनटीएफ दिनेश एमएन एवं आईजीपी विकास कुमार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व एएनटीएफ मालारामपुरा चौकी प्रभारी किरणजीत कौर ने किया। कार्यक्रम में दर्पण कला मंच के कलाकारों ने नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित एक मार्मिक नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार नशा परिवारों और युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर देता है। शिविर का सबसे भावुक क्षण तब आया जब नशे की लत से बाहर निकल चुके मुक्तिवीरों ने मंच पर अपने संघर्ष और पुनर्वास की कहानी साझा की। उनकी आपबीती सुनकर उपस्थित कई लोगों की आंखें नम हो गईं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना ने युवाओं से कानून का पालन करने के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने का आह्वान किया। समाजसेवी सुमन चावला, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामपाल अहरोदिया, शिक्षाविद हरिकृष्ण आर्य, महावीर इंटरनेशनल वीरा संस्थान अध्यक्ष कंचन गुप्ता, लॉयंस क्लब अध्यक्ष मीना गर्ग, डॉ. समयामी तथा गिरिराज शर्मा ने भी युवाओं को नशे से दूर रहकर सकारात्मक जीवन अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर एएनटीएफ मालारामपुरा चौकी प्रभारी किरणजीत कौर ने युवाओं को नशा मुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई। पूरे सभागार ने एक स्वर में नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। शिविर में अमरनाथ पेंटर, हेमलता कंवर, शानू मीर, बलकरण सिंह, नरेश चड्ढा, पंकज मिश्रा, संदीप, जसवीर सिंह, बलदेव सिंह, गुरकरण सिंह ढिल्लों, सतीश नागपाल, भगवान दास, मदन लाल गोस्वामी, युधिष्ठिर भारतीय, प्रदीप पाल, अनमोल, योगेश भोबिया आदि मौजूद रहे।

# मंदिर, गुरुद्वारा, डेयरी-मनोरंजन स्थलों का भ्रमण कर हासिल किया ज्ञान अनुभव

## हंसवाहिनी के विद्यार्थियों ने किया नगर भ्रमण

**भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो**

**हनुमानगढ़।** हंसवाहिनी संगीत कला मंदिर की ओर से संचालित ग्रीष्मकालीन संगीत-नृत्य प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विशेष नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 55 छात्र-छात्राओं के दल ने शहर के विभिन्न धार्मिक, शैक्षणिक एवं मनोरंजक स्थलों का भ्रमण कर ज्ञानवर्धक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। भ्रमण दल को नीलकंठ महादेव सेवा प्रन्यास के अध्यक्ष अश्विनी नारंग तथा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक रणवीर सहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर रणवीर सहू ने कहा कि नगर भ्रमण जैसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता बढ़ती है तथा वे शहर के सौंदर्यीकरण और विकास के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को



बेहतर ढंग से समझ पाते हैं। कला मंदिर के अध्यक्ष गुलशन अरोड़ा ने बताया कि भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न स्थलों पर सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लिया। सबसे पहले दुर्गा मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जहां बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद धर्मशाला पार्क में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं तथा पक्षियों के संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का संदेश देते हुए परिंडे बांधे गए। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने गुरुद्वारा बाबा भगत नामदेव जी में पहुंचकर शब्द-कीर्तन प्रस्तुत किया। इसके पश्चात सरस दूध डेयरी का भ्रमण कराया गया, जहां बच्चों ने दूध संग्रहण से लेकर विभिन्न दुग्ध उत्पादों के निर्माण तक की पूरी प्रक्रिया को करीब से देखा और समझा। इसके बाद बच्चों ने मूनो फन पार्क में विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों का आनंद लिया और मनोरंजक खेलों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सेंट्रल पार्क में डांस एवं अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# वरिष्ठ नागरिकों को बताए कानूनी अधिकार

» वरिष्ठजनों के अधिकारों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो**

**हनुमानगढ़।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान पेंशनर्स समाज के तत्वावधान में वरिष्ठजनों के अधिकारों संबंधी विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जंक्शन में कलक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स समाज भवन में किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया ने वरिष्ठ नागरिकों को नालसा (वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी सेवाएं) योजना-2016, जागृति योजना-2025, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, वृद्धावस्था पेंशन, महिला सशक्तिकरण, निःशुल्क विधिक सहायता, सीनियर सिटीजन एक्ट-2007 तथा पीड़ित प्रतिकर योजना-2013 के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर उपलब्ध कानूनी सुविधाओं का लाभ उठाएं। इस मौके पर चीफ एलएडीसी अधिवक्ता ऋषिराज बेनीवाल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली, स्थायी लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत तथा निःशुल्क विधिक सहायता हेल्पलाइन 15100 के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में अधिकार मित्र आकाश, राजस्थान पेंशनर्स समाज अध्यक्ष अशोक खत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश रहेजा, सचिव रमेश दरगन, प्रचार मंत्री गुरदीप सिंह, राज्य प्रतिनिधि ओमप्रकाश बाबल, मंत्री ललित चड्ढा सहित समाज के कई प्रतिनिधि और वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए बांधे परिंडे

**भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो**

**हनुमानगढ़।** भीषण गर्मी के इस कठिन दौर में जब तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है और पानी की कमी से जनजीवन के साथ-साथ बेजुबान पक्षी भी बेहाल हैं, ऐसे समय में एपेक्स महिला क्लब द्वारा जारी परिण्डे लगाने के अभियान में क्लब सदस्यों द्वारा आज नेहरू बाल उद्यान ( नेहरू मेमोरियल चिल्ड्रन स्कूल पार्क) में परिंडे (पानी के पात्र) वितरित किए गए, ताकि तपती धूप और भीषण गर्मी में पक्षियों को पीने का पानी उपलब्ध हो सके। क्लब का उद्देश्य केवल सेवा करना ही नहीं, बल्कि समाज को पर्यावरण संरक्षण, जीव दया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। क्लब की अध्यक्ष सुषमा बैद ने बताया कि वर्तमान में गर्मी इतनी अधिक है कि कई स्थानों पर पानी की उपलब्धता न होने के कारण पक्षी दम तोड़ रहे हैं। ऐसे में उन्हें बचाने के लिए यह एक छोटी-सी कोशिश है, ताकि अधिक से अधिक पक्षियों को जीवन मिल सके। उन्होंने कहा कि परिंडे लगाना और उनमें नियमित रूप से पानी भरना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व होना चाहिए। संरक्षक रेणु सोंधी ने कहा कि एपेक्स महिला क्लब हमेशा से ही सामाजिक सरोकारों से जुड़ा रहा है। उन्होंने बताया कि एपेक्सियन परिवार द्वारा मार्च माह से अभियान चलाया



जा रहा है इस पूर्व मदान एन्कलेव, अल्फा सिटी,नई आबादी,सेक्टर 3 के पार्को में परिण्डे लगाये गये, नई आबादी में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द पारीक की माता जी द्वारा पूर्ण सहयोग से परिण्डे बांधे गये। क्लब की सचिव पूजा जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि एपेक्स महिला क्लब समय-समय पर सामाजिक, धार्मिक एवं जनहित के कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। चाहे वह पर्यावरण संरक्षण हो, जीवों की सेवा हो या समाज के जरूरतमंद वर्ग के लिए सहयोग–क्लब हर क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाता है। इस सेवा कार्य में संरक्षक रेणु सोंधी, अध्यक्ष सुषमा बैद, सचिव पूजा जैन,सुनीता वर्मा,डॉ नीलम गोड़ और प्रेरणा सहित अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी सदस्यों ने मिलकर परिंडे वितरित किए और स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे इन परिंडों में प्रतिदिन पानी भरने की जिम्मेदारी निभाएं। एपेक्स महिला क्लब का यह प्रयास समाज में करुणा, संवेदनशीलता और पर्यावरण संरक्षण की भावना को मजबूत करने वाला है। यह पहल न केवल पक्षियों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी, बल्कि लोगों को प्रकृति और जीवों के प्रति अपने कर्तव्यों का भी एहसास कराएगी।

# कांग्रेस का कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन, पीएम का पुतला दहन

**» गेहूं खरीद अवधि बढ़ाने, बारदाना उपलब्ध कराने और जनसमस्याओं के समाधान की मांग**



भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** गेहूं खरीद अवधि बढ़ाने व बारदाना उपलब्ध करवाने सहित किसान हितों से जुड़े अन्य मुद्दों और जनसमस्याओं को लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कलक्ट्रेट के समक्ष प्रधानमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग पर चढ़कर विरोध जताया, जिससे पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। प्रदर्शन के दौरान संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया के बैरिकेडिंग से नीचे गिरने की घटना के बाद कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। मौके पर कुछ बैरिकेडिंग भी टूट गई, जिससे तनावपूर्ण माहौल बन गया। हालांकि पुलिस और पार्टी पदाधिकारियों ने स्थिति को संभाल लिया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। उपखण्ड अधिकारी प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे और ज्ञापन प्राप्त किया। ज्ञापन में किसानों के लिए गेहूं खरीद की अंतिम तिथि 30 जून तक बढ़ाने, खरीद पोर्टल को तत्काल शुरू करने तथा मंडियों में पर्याप्त बारदाना उपलब्ध करवाने की मांग की गई। कांग्रेस ने ज्ञापन में पिछले दो वर्षों से लंबित किसानों की डिग्गियों की अनुदान राशि जारी करने, पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण करने तथा आमजन को राहत देने की मांग भी उठाई। साथ ही पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को लंबित किस्तों का शीघ्र भुगतान करने की मांग की गई, ताकि अधूरे पड़े मकानों का निर्माण पूरा हो सके। ज्ञापन में मनरेगा के तहत श्रमिकों को पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराने, नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक एवं धांधली की निष्पक्ष जांच कराने तथा सीबीएसई में कथित अनियमितताओं की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की भी मांग की गई। इसके अलावा किसान आंदोलन के दौरान पीलीबंगा में किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनाव शीघ्र कराने तथा जिले में बिजली और पेयजल व्यवस्था में सुधार की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी के बावजूद जिले में लगातार बिजली कटौती हो रही है और कई क्षेत्रों में दूषित पेयजल की आपूर्ति से आमजन परेशान हैं। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीष मक्कासर, पीलीबंगा विधायक विनोद गोठवाल, पूर्व जिला प्रमुख कविता मेघवाल तथा पीसीसी सदस्य सोहन सिंह ढिल, पूर्व प्रधान जयदेव भिड़ासरा, पूर्व पार्षद गुरदीप चहल सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगों का समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# डेयरी फार्मिंग एवं वार्मिंग कंपोस्ट मेकिंग शिविर सम्पन्न



भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी द्वारा डेयरी फार्मिंग एवं वार्मिंग कंपोस्ट मेकिंग की जानकारी प्रदान करने के लिए 12 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसका समापन समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरसेटी निदेशक बिधु शंकर ने की। आरसेटी निदेशक बिधु शंकर ने आरसेटी के विभिन्न प्रशिक्षणों के बारे में जानकारी प्रदान कर भविष्य में डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण करवाने एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों से आवश्यकतानुसार ऋण आवेदन भरने के लिए अपील की। कार्यक्रम के दौरान बिधु शंकर ने प्रशिक्षणार्थियों को डेयरी व्यवसाय में आने वाली विभिन्न परेशानियों को दूर करने के घरेलू वैज्ञानिक उपाय बताने के साथ ही नस्ल सुधार, कृत्रिम घास, पशु रोग निदान के तरीके बताए गए। उक्त निशुल्क प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। संस्थान में जल्द ही सॉफ्ट टॉयज, फैशन डिजाईनिंग, फास्ट फुड़ उद्यमी सहित अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुवात होनी है जो भी प्रशिक्षणार्थी शिविर में भाग लेना चाहते है वह संस्था में रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। उक्त प्रशिक्षण प्रशिक्षक गगनदीप वर्मा ने दिया। उक्त प्रशिक्षण में 34 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्रपात किया, जिन्हें अतिथियों ने प्रशिक्षण पत्र देकर सम्मानित किया। परीक्षा का मूल्याकंन डॉमेन एस्सेसर बलजिन्द्र सिंह व मुकेश शर्मा ने किया। इस मौके पर अनुदेशक मुकेश भानुशाली, अनुदेशक अनिल सिंह राठौड़, कार्यालय सहायक गणेशराम, कार्यालय सहायक रितिक अरोड़ा, सूरज कुमार, विकास व अन्य सदस्य मौजूद थे।

# नरेगा में भेदभाव के आरोप से ग्रामीणों में रोष, सभी मजदूरों को काम देने की मांग

**» 12 जून को ग्राम पंचायत घेराव की चेतावनी, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**



भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** ग्राम पंचायत रामसरा नारायण में मनरेगा कार्यों के आवंटन में कथित अनियमितताओं और भेदभावपूर्ण रवैये को लेकर ग्रामीणों एवं नरेगा श्रमिकों में रोष बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने सोमवार को मनरेगा मेट संघ के जिलाध्यक्ष पोखर मेव के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर पंचायत प्रशासन और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं तथा सभी पात्र श्रमिकों को समान रूप से रोजगार उपलब्ध करवाने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत रामसरा नारायण में मनरेगा कार्यों के संचालन में कर्मचारियों द्वारा मनमानी की जा रही है। श्रमिकों का कहना है कि पंचायत में केवल चुनिंदा लोगों को ही काम दिया जा रहा है, जबकि बड़ी संख्या में मजदूर रोजगार से वंचित होकर घरों में बैठे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों और संबंधित कार्मिकों की मिलीभगत से अपने चहेते लोगों के नाम ही कार्य सूची में शामिल किए जा रहे हैं। श्रमिकों के अनुसार जब इस संबंध में पंचायत कर्मचारियों से शिकायत की जाती है तो संतोषजनक जवाब देने के बजाय उन्हें टाल दिया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि कर्मचारियों द्वारा यह कहा जाता है कि सूची में उन्हीं लोगों के नाम शामिल किए जाएंगे जिन्हें वे उचित समझेंगे। इससे श्रमिकों में असंतोष और नाराजगी बढ़ रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पिछले कार्य सत्र में मनरेगा के तहत कार्य करने वाले कई श्रमिकों के 100 दिन का रोजगार जानबूझकर पूरा नहीं करवाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इससे मजदूरों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पंचायत क्षेत्र में बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति वर्ग के श्रमिक मनरेगा पर निर्भर हैं और रोजगार नहीं मिलने से उनके परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत में कार्यरत एलडीसी द्वारा अपने पसंदीदा लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि अन्य जरूरतमंद श्रमिकों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा सभी पात्र श्रमिकों को मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो 12 जून को ग्राम पंचायत रामसरा नारायण का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# वृद्ध आश्रम में मनाया गया सेवा और संवेदना से भरा जन्मदिन

**» राष्ट्रीय युवक परिषद ने वर्धजनों के साथ साझा की खुशियां**



**भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो. हनुमानगढ़।** टाउन स्थित वृद्ध आश्रम में आज राष्ट्रीय युवक परिषद के तत्वावधान में एक प्रेरणादायी और भावनात्मक आयोजन किया गया, जिसमें वर्धजनों के साथ जन्मदिन मनाकर सेवा और संवेदना का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुसूदन शर्मा, चीफ मैनेजर, यस बैंक रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय युवक परिषद के जिलाध्यक्ष प्रवीण जैन ने की। विशिष्ट अतिथियों में सुनीता भाटी (अध्यक्ष, महिला विंग), निहाल सिंह, नरेंद्र मिढा (अध्यक्ष, अपना घर वृद्धाश्रम), कपिल कालरा (सचिव) तथा ओम ईश्वर बठला शामिल रहे। कार्यक्रम में इंजीनियर रोहित जांगिड़ का 30वां जन्मदिन वर्धजनों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने केक काटकर वर्धजनों के साथ खुशियाँ साझा कीं। जिलाध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया कि परिषद द्वारा सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए, जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं अन्य मांगलिक अवसरों को वृद्ध आश्रम में मनाने की परंपरा निरंतर जारी है, ताकि समाज में सेवा और सम्मान की भावना को प्रोत्साहन मिले। आयोजन के दौरान भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें शंकर सैनी, गिरिराज शर्मा एवं किशोरी ने अपनी मधुर वाणी से भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी।

# फाटक गौशाला परिसर में 101 सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन

**» गौवंश के स्वास्थ्य व सेवा भाव को समर्पित रहा धार्मिक अनुष्ठान**



भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** टाउन की बरकत कॉलोनी स्थित फाटक गौशाला परिसर में आज धार्मिक आस्था और सेवा भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां गौ सेवा संस्थान के तत्वावधान में गौवंश की सेवा और उत्तम स्वास्थ्य की कामना को लेकर 101 सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन गौ माता के प्रति श्रद्धा, करुणा और सामाजिक,सहभागिता का प्रेरणादायी उदाहरण बना। इस पावन अवसर पर 101 सुंदरकांड पाठ का वाचन सांवलिया सेठ सुंदरकांड मित्र मंडल द्वारा अत्यंत सुंदर, मधुर और श्रद्धाभावपूर्ण ढंग से किया गया। पाठ के दौरान पूरे गौशाला परिसर में भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण व्याप्त रहा। श्रद्धालु पूरे मनोयोग से पाठ में सम्मिलित हुए और श्रीराम भक्ति में लीन नजर आए। कार्यक्रम के दौरान गौ सेवा संस्थान के सचिव नरोत्तम सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि फाटक गौशाला में बीमार, दुर्घटनाग्रस्त एवं असहाय गोवंश का इलाज जनसहयोग से निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा केवल एक कार्य नहीं बल्कि मानव धर्म का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गौवंश के अच्छे स्वास्थ्य, दीर्घायु और संरक्षण की भावना से 101 सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, ताकि समाज में सेवा, संवेदना और सहयोग की भावना और अधिक मजबूत हो सके। फाटक गोशाला अध्यक्ष मुरलीधर गर्ग ने बताया सुन्दरकाण्ड मंडल द्वारा प्रत्येक रविवार को सांय 5 बजे निःशुल्क सुन्दरकाण्ड पाठ गौशाला प्रांगण में किया जाएगा,आज के पाठ में आया चढ़ावा कोहला फार्म में असहाय गोवंश के हरे चारे के लिए दिया गया। सुंदरकांड पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## प्रथम पेज का शेष...

### इंडिया गठबंधन की...

ने कहा कि केंद्र सरकार को इन मुद्दों पर चर्चा के लिए तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की जनता इन समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन सरकार गंभीरता नहीं दिखा रही।

### एनजीओ के खिलाफ...

कि प्रदेश के कई अन्य जिलों में संविदा पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को लगभग 12000 प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है, जबकि हनुमानगढ़ के सफाई कर्मचारियों को इससे आधे से भी कम राशि मिल रही है। कर्मचारियों ने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग की। धरने को संबोधित करते हुए निखिल जेदिया ने कहा कि पिछले करीब आठ वर्षों से महेंद्र शर्मा नामक व्यक्ति सफाई कार्य का ठेका ले रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि लंबे समय से एक ही ठेकेदार के माध्यम से कार्य करवाया जा रहा है, लेकिन कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने नगर परिषद प्रशासन से वर्तमान ठेका व्यवस्था की समीक्षा करने और कर्मचारियों के हित में ठोस निर्णय लेने की मांग की।

### मानव सुथार ने...

मिल रही थी, और मेरी ताकत गेंद को टर्न कराना है। मानव ने विकेट की मदद का पूरा फायदा उठाया और अपनी स्पिन गेंदबाजी की ताकत को सही तरीके से इस्तेमाल किया। मानव सुथार का यह प्रदर्शन न सिर्फ उनके परिवार और कोचिंग स्टाफ के लिए बल्कि पूरे श्रीगंगानगर जिले के लिए गर्व की बात है। जिले के पहले टेस्ट क्रिकेटर के रूप में उन्होंने नई पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए मिसाल पेश की है। स्थानीय क्रिकेट प्रेमी और प्रशंसक उनके इस उपलब्धि पर खुशी मना रहे हैं।

### सरकार ने...

जाएगी। इसका मतलब है कि इन लाभार्थियों के लिए पहले 4 सिलेंडरों की प्रभावी कीमत लगभग 642 रुपये रहेगी। सरकार के मुताबिक यह अंतरराष्ट्रीय कीमत की तुलना में करीब 60 प्रतिशत सस्ता है।

# राजस्थान राज्यसभा चुनावः भाजपा उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**जयपुर।** राजस्थान में 18 जून को होने वाले 3 राज्यसभा सीटों के चुनाव के लिए बीजेपी उम्मीदवार सतीश पूनिया और अल्का गुर्जर ने सीएम भजनलाल शर्मा और वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। सीएम भजनलाल शर्मा ने दोनों उम्मीदवारों के अनुभव को राज्य के लिए गर्व की बात बताया और विधायकों से मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने की अपील की। वर्तमान में राज्य की 10 सीटों में से भाजपा और कांग्रेस के पास 5-5 सीटें हैं। सतीश पूनिया और अल्का गुर्जर के पर्चा दाखिल करने से पहले विधानसभा में बीजेपी विधायक दल की बैठक हुई। इस बैठक को संबोधित करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूनिया और गुर्जर का अनुभव नहीं केवल राजस्थान वरन पूरे देश के लिए लाभकारी होगा। राज्यसभा में इन दोनों नेताओं का जाना राजस्थान के लिए गर्व का विषय होगा। सीएम भजनलाल शर्मा ने ग्राम विकास रथ, ग्राम विकास चौपाल और वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि



राजस्थान में 'डबल इंजन सरकार' विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनकल्याण के लिए काम कर रही है। इनसे विकास और जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप मिला है। सीएम भजनलाल शर्मा ने विधायकों से मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने आह्वान किया। बैठक के बाद पूनिया और गुर्जर ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए। इस अवसर पर वसुंधरा राजे, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और संगठन महामंत्री अजय कुमार मौजूद रहे।

### 18 जून को होंगे राज्यसभा चुनाव

राजस्थान से राज्यसभा की 3 सीट के लिए चुनाव 18 जून को होंगे। यह चुनाव इसलिए हो रहा है क्योंकि 21 जून को कांग्रेस सांसद नीरज डांगी और भाजपा सांसद राजेंद्र गहलोत तथा रवनीत सिंह का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। कांग्रेस ने नीरज डांगी को उम्मीदवार बनाया है।

# ग्राम पंचायत धोलीपाल में भ्रष्टाचार की जांच की मांग तेज

**» तीसरा ज्ञापन सौंपकर 3 दिन में रिकॉर्ड जब्त करने की मांग, कार्रवाई नहीं होने पर धरने की चेतावनी**

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** ग्राम पंचायत धोलीपाल में कथित भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और फर्जीवाड़े के आरोपों को लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जिला कलेक्टर को तीसरा ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले छह माह से लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद अब तक मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर पंचायत का समस्त रिकॉर्ड जब्त कर निष्पक्ष जांच शुरू नहीं की गई तो मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि 16 अप्रैल की जनसुनवाई तथा 21 मई 2026 को पुनः जिला प्रशासन को शिकायतें दी गई थीं। शिकायतों में ग्राम पंचायत में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितता, पट्टों में गड़बड़ी, स्वामित्व नक्शा प्रथम में कथित हेरफेर, फर्जी भुगतान, नरेगा में फर्जी हाजिरी लगाकर राशि उठाने तथा राजकोष को नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत प्रशासन और संबंधित कर्मचारियों द्वारा रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा,



जिससे जांच प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जिला स्तरीय जांच समिति कई बार पंचायत मुख्यालय पहुंच चुकी है, लेकिन आवश्यक दस्तावेज नहीं दिए जा रहे। ऐसे में रिकॉर्ड में फेरबदल की आशंका को देखते हुए तत्काल रिकॉर्ड जब्त करने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने ग्राम विकास अधिकारी धीरज कुमार एवं कनिष्ठ सहायक भवानी शंकर स्वामी को जांच पूरी होने तक एपीओ कर अन्यत्र मुख्यालय करने की मांग भी उठाई है। उनका कहना है कि निष्पक्ष जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को वर्तमान पदस्थापन से हटाना आवश्यक है। ज्ञापन में स्वामित्व नक्शा प्रथम को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत के खाली भूखंडों एवं कुछ ग्रामीणों की भूमि को कथित रूप से फर्जी तरीके से अन्य लोगों के नाम दर्ज किया गया है। उन्होंने मांग की कि जयपुर भेजी गई स्वामित्व सूची को सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर आमजन के संदेह दूर किए जाएं। इस संबंध में कुछ ग्रामीणों द्वारा सदर थाना हनुमानगढ़ में शिकायत दर्ज कराने का भी उल्लेख किया गया है। इसके अलावा ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हाल ही में कुछ लोगों से कथित रूप से झूठे बयान दिलवाकर भ्रष्टाचार संबंधी जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने ऐसे मामलों की भी जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की उच्च स्तरीय, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को मिले माइक्रो एटीएम, गांवों में ही मिलेगी बैंकिंग सुविधा

**» सहकार से समृद्धि योजना के तहत चार समितियों से हुई शुरुआत**

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** भारत सरकार की सहकार से समृद्धि योजना के तहत सोमवार को जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने चार दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के सचिवों को माइक्रो एटीएम वितरित किए। इस मौके पर श्रीगंगानगर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक उग्रसेन सहारण तथा हनुमानगढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक के अधिकारी भी मौजूद रहे। माइक्रो एटीएम हनुमानगढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक की ओर से जारी किए गए हैं। इनके माध्यम से डेयरी सहकारी समितियां बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर सकेंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को घर के निकट ही बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी। श्रीगंगानगर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड प्रबंध निदेशक उग्रसेन सहारण ने बताया कि योजना के प्रथम चरण में चार समितियों का चयन किया गया है, जबकि लगभग 50 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी स्वीकृत एवं पंजीकृत समितियों को चरणबद्ध तरीके से माइक्रो एटीएम उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे डेयरी सहकारी समितियों के कार्यक्षेत्र में विस्तार होगा और किसानों को बेहतर सेवाएं



मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि माइक्रो एटीएम के माध्यम से दुग्ध उत्पादक किसान गांव में ही नकद राशि जमा कर सकेंगे, राशि निकाल सकेंगे तथा दुग्ध भुगतान भी समय पर प्राप्त कर सकेंगे। पहले यह कार्य नजदीकी बैंक शाखाओं के माध्यम से होता था, लेकिन अब समिति सचिवों के माध्यम से गांव स्तर पर ही बैंकिंग सुविधा उपलब्ध होगी। हनुमानगढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक के अधिकारी मनीष गांधी ने बताया कि जिले की सभी दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को माइक्रो एटीएम उपलब्ध कराने की योजना है। संचालित कुल 440 डेयरिया में से प्रथम चरण में 51 समितियों को माइक्रो एटीएम वितरित किए जा रहे हैं, जबकि शेष समितियों को आगामी चरणों में जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य दुग्ध सहकारी समितियों को मिनी बैंक के रूप में विकसित करना है। इसके तहत दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के खाते सहकारी बैंकों में खोले जाएंगे, जिससे उन्हें सहकारी बैंकिंग व्यवस्था से सीधे जोड़ा जा सके और ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सेवाओं का विस्तार हो सके।

# 24 भारतीय नाविकों का सुरक्षित रेस्क्यू, ईरान इजराइल टकराव से क्षेत्र में बढ़ी अस्थिरता

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** होर्मुज जलडमरूमध्य के पास एक तेल टैंकर में आग लगने की घटना के बाद हालात तेजी से तनावपूर्ण हो गए। टैंकर पर सवार 24 भारतीय नाविकों को भारतीय नौसेना ने समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रारंभिक रिपोर्टों में जहाज पर हमले की आशंका जताई गई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। नौसेना की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया और सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित बताए गए हैं। क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने घोषणा की है कि उसने इजराइल के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई अस्थायी रूप से रोक दी है। हालांकि ईरान ने चेतावनी भी दी है कि यदि इजराइल ने लेबनान या किसी अन्य क्षेत्र में दोबारा हमला किया, तो उसे पहले से कहीं अधिक कठोर जवाब दिया जाएगा। ईरान के इस बयान से संकेत मिलते हैं कि स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। अप्रैल में हुए संघर्षविराम के बाद पहली बार ईरान ने इजराइल पर मिसाइलें दागीं। इसके जवाब में इजराइल ने सोमवार तड़के पश्चिमी और मध्य ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। तेहरान, तबरीज और इस्फहान में धमाकों की खबरें सामने आई हैं। दोनों पक्षों की सैन्य कार्रवाइयों से पूरे पश्चिम एशिया में तनाव और गहरा गया है।

### हवाई क्षेत्र बंद, जहाजों और उड़ानों पर असर

तनाव के बढ़ने के बाद ईरान ने अपने पश्चिमी हिस्से का हवाई क्षेत्र अगली सूचना तक बंद कर दिया है। इराक ने 72 घंटे और सीरिया ने 12 घंटे के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद करने की घोषणा की है। इससे अंतरराष्ट्रीय उड़ानों और समुद्री व्यापार पर व्यापक असर पड़ने की आशंका है, खासकर ऊर्जा आपूर्ति मार्गों पर।

# नायब तहसीलदार ने मानवता दिखाते हुए घायलों को पहुंचाया जिला अस्पताल

**» सर्किट हाउस के पास कार-बाइक की भिड़ंत में दो युवक गंभीर घायल**

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** जंक्शन स्थित सर्किट हाउस के पास सोमवार को कार और बाइक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहनों की रफ्तार तेज होने के कारण यह दुर्घटना हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों व्यक्तियों को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे नायब तहसीलदार हरीश सारण ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को अपनी गाड़ी में बैठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटना में शामिल कार एएसआई सहीराम की बताई जा रही है। हालांकि दुर्घटना के कारणों और जिम्मेदारी को लेकर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सूचना मिलने पर जंक्शन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस दुर्घटना के कारणों की पड़ताल कर रही है तथा संबंधित पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं।

# फिर बढ़ा गर्मी का सितम, पारा 43 डिग्री पहुंचा, 11 जून तक हीटवेव के आसार

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछ दिन राहत के बाद अब फिर से भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार को हनुमानगढ़ जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर के समय सड़कों व बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान में पिछले दिनों सक्रिय रही आंधी और बारिश की गतिविधियों में अब कमी आने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार राज्य के अधिकांश हिस्सों में 8 जून से मौसम अपेक्षाकृत शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि पूर्वी राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर संभाग के अधिकांश क्षेत्रों में आगामी दो से तीन दिन मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। विभाग ने चेतावनी दी है कि 8 से 11 जून के बीच सीमावर्ती जिलों में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इस अवधि में कुछ स्थानों पर हीटवेव चलने की भी प्रबल संभावना है। साथ ही 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार 11 जून से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। इसके प्रभाव से राज्य के कुछ भागों में पुनः मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा तथा आंधी और बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

# पीएमएसएमए के दस वर्ष पूरे होने पर जिले भर में होंगे आयोजन

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के 9 जून को दस वर्ष पूर्ण होने पर हनुमानगढ़ जिले के चिकित्सा संस्थानों में विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इस संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि 9 जून को पीएमएसएमए के सफलतापूर्वक दस वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की विशेष रूप से गर्भावस्था की द्वितीय और तृतीय तिमाही में प्रत्येक माह की 9 तारीख को निशुल्क एवं गुणवत्ता पूर्ण प्रसव देखभाल (एएनसी) सेवाएं प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (ई-पीएमएसएमए) के तहत प्रत्येक माह की 18 व 27 तारीख को नाम आधारित उच्च जोखिम गर्भावस्था (हाई रिस्क प्रिग्नेंसी-एचआरपी) की ट्रैकिंग, अतिरिक्त फॉलोअप विजिट, रेफरल सहायता तथा प्रसव के बाद लगातार 45 दिनों तक की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान और अभियान के दौरान प्रदान की जाने वाले सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना ही पीएमएसएमए के दस साल कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है ताकि सम्मानजनक और संवेदनशील मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित किया जा सके। इससे सामुदायिक सहभागिता और पारिवारिक भागीदारी भी मजबूत होगी। आरसीएचओ डॉ. सुनील विद्यार्थी ने बताया कि 9 जून को मेडिकल कॉलेज, जिला व उपजिला चिकित्सालय, सीएचसी, प्रथम रेफरल इकाइयों और पीएचसी पर विशेष पीएमएसएमए दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसूति और स्त्री रोग संबंधित सभी स्पेशलिस्ट मौजूद रहकर आवश्यक जांच व उपचार करेंगे। इसके अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर भी विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, विपुल गोयल के द्वारा विजय आफसैट, नई धानमंडी, हनुमानगढ़ टाउन से मुद्रित एवं कार्यालय 283, सैक्टर नं. 6, नजदीक चूना फाटक, हनुमानगढ़ जंक्शन 335512, जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान) से प्रकाशित एवं प्रसारित। सम्पादकः विपुल गोयल
RNI NO : RAJHIN/2022/85753